भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या 2523
गुरुवार, 3 अगस्त, 2023 / 12 श्रावण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्णिया विमानपत्तन का विकास

2523. श्री संतोष कुमार:
श्री दुलाला चन्द्र गोस्वामी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार में पूर्णिया विमानपत्तन के विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विमानपत्तन निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया की स्थिति क्या है और पूर्णिया विमानपत्तन से विमान सेवाए कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; और

(ग) क्या सरकार ने वहां से उड़ानों का तत्काल संचालन शुरू करने के लिए अवसंरचना की अस्थायी व्यवस्था करने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग) **:** पूर्णिया हवाईअड्डे के विकास के संबंध में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) एवं बिहार राज्य सरकार के बीच दिनांक 23.06.2023 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पूर्णिया में नए सिविल एन्क्लेव का विकास भाविप्रा द्वारा 424 करोड़ रुपए की अनंतिम लागत से किया जा रहा है। बिहार सरकार ने इस हवाईअड्डे का विकास करने के लिए 52.48 एकड़ भूमि अधिग्रहित की है। इस परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि जुलाई, 2026 है।

पूर्णिया हवाईअड्डा, उड़ान योजना के तहत अपरिचालित हवाईअड्डों की सूची में भी शामिल है। इच्छुक एयरलाइनें उड़ान योजना के तहत बोली प्रक्रिया के समय अपरिचालित/अल्पपरिचालित हवाईअड्डों से एवं तक मार्गों के प्रचालन में लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। कोई भी हवाईअड्डा जिसे उड़ान योजना के अवार्ड किए गए मार्गों में शामिल किया जाता है तथा जिसे प्रचालन शुरू करने हेतु स्तरोन्नयन/विकास कार्य की आवश्यकता है, उसका विकास 'अपरिचालित एवं अल्पपरिचालित हवाईअड्डों का जीर्णोद्धार' योजना के तहत किया जाता है।

****